# केकड़ी को जिला बनाने के विरोध में विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

## प्रदर्शन के दौरान आश्वासन देने के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि के नहीं हुए दर्शन

**मसूदा** (निसं)। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अपने ही बूते पर जूझ रही है प्रभावित ग्राम पंचायतों की जनता।प्रभावित एवं पीड़ित जनता के हितार्थ एक जूट एवं एक साथ नजर आए भाजपाई एवं कांग्रेसी।

ग्राम पंचायत शिवपुरा घाटा, जीवाणा, शिवनगर, उत्तमी, दौलतपुरा द्वितीय, देवास, रामगढ़ को नवगठित ब्यावर जिले में रखने की मांग की। सर्किल ग्राम पंचायत संघ ने उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम सौंपा ज्ञापन सौंपा। मसूदा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को केकड़ी जिले में शामिल करने विरोधस्वरूप आज सोमवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने सामूहिक प्रदर्शन कर रोष एवं आक्रोश व्यक्त किया। रामगढ़ ग्राम पंचायत में तो बाकायदा बाजार बंद रखकर सड़कों पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ नारेबाजी की। आश्चर्य तो इस बात का है कि जनता के हमदर्द बनने वाले प्रतिनिधि ने इन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का आश्वासन देने तक किसी भी जनप्रतिनिधि के दर्शन तक नही हुए। पर खास बात यह देखने में आई कि इन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य समाजसेवी और तो और भाजपाई एवं कांग्रेसी सभी एक साथ नजर आने से इन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए एकजुटता की मिसाल कही जा सकती है। इन ग्राम पँचायत वासियों की मांग हैं कि ग्राम पंचायत शिवपुरा घाटा, जीवाणा, शिवनगर, उत्तमी, दौलतपुरा द्वितीय, देवास, रामगढ़ को नवगठित ब्यावर जिले में शामिल किया जाए। किसी को लेकर सर्किल ग्राम पंचायत संघ पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर को राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपा ज्ञापन में बताया कि इन ग्राम पंचायतों के समीप ही नवगठित ब्यावर को जिला बनाये जाने पर क्षेत्रवासियो में खुशी की लहर है इसके लिये समस्त ग्रामवासीयान आपका हृदय से आभार व्यक्त करते है।



मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देते ग्रामीण।

इसके साथ ही ज्ञापन में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि नवगठित जिला ब्यावर शिवपुरा घाटा, जीवाणा, उत्तमी, दौलतपुरा द्वितीय, देवास, रामगढ की पंचायतो से 10 से 25 किलोमीटर के दायरे में आता है एवं शिवपुरा घाटा, जीवाणा शिवनगर, उत्तमी, दौलतपुरा द्वितीय, देवास, रामगढ से आने व जाने के साधन भी भरपूर है एवं सामाजिक व सांस्कृतिक परिपाटियां भी एक जेसी है। यदि उक्त ग्राम पंचायतो को बिजयनगर तहसील में जोड़ा रखा जाता है अजमेर जिले में रखा जाता है तो उक्त सभी ग्राम पंचायतो की दूरी करीबन 75 किलोमीटर से 100 किलोमीटर की दूरी पर हो जायेगी जो कि आमजन से पहुँच से काफी दूर होगा व साधन भी समिति मात्र में ही उपलब्ध रहेगे। इसके अतिरिक्त उक्त ग्राम पंचायतो को बिजयनगर तहसील में जोडा रखा जाता है केकडी जिले में रखा जाता है तो उक्त सभी ग्राम पंचायतो की दूरी करीबन 130 किलोमीटर की दूरी पर हो जायेगी जो कि आमजन से पहुँच से काफी दूर होगा व साधन भी समिति मात्र में ही उपलब्ध रहेगे। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से कहा कि नवगठित जिले बनाने के पीछे उनका उद्देश्य यह है कि 'आमजन की समस्याओ का सामधान शीघ्र हो' जो कदापि नही हो पायेगा। और यदि सभी पंचायतो को नवगठित ब्यावर जिले में नही रखकर अन्य जिले में सम्मिल्लित कर दिया जाता है तो भविष्य में यहां के सभी पंचायतवासीयान अनशन करेगे। उपरोक्त सभी तथ्यो को दृष्टिगत रखते हुए शिवपुरा घाटा, जीवाणा, शिवनगर, उत्तमी, दौलतपुरा द्वितीय, देवास, रामगढ को ब्यावर जिले में शामिल करने की मांग की।

# पी.टी.ई.टी. परीक्षा प्रश्नपत्रों की आंसर-की जारी

## ऑब्जेक्शन जमा करने की प्रक्रिया 24 मई से 26 मई तक

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा द्वारा कल 21 मई को ही आयोजित कराई पीटीईटी के सभी प्रश्नपत्रों की आंसर की परीक्षा के केवल एक दिन में ही जारी करदिया गया है।इन आंसर की को यूनिवेर्सिटी की साईट पर अपलोड भी कर दिया गया है।परीक्षार्थी जीजीटीयू की साईट से और पीटीईटी साईट से भी उत्तर तालिका को देख सकते हैं।अपलोड की गई आंसर की सही उत्तर को पीले रंग से हाईलाईट किया गया है।

कुलपति प्रो आई.वी.त्रिवेदी ने बताया कि परीक्षार्थी आंसर की से खुद द्वारा हल किए पेपर का मिलान एवं हल कर सकेंगे परीक्षार्थियों को यदि किसी भी पेपर के किसी भी प्रश्न या उत्तर में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 24 से 26 मई तक पीटीईटी की साईट पर दर्ज करवा सकेगा। पीटीईटी राज्य समन्वयक डॉ मनोज पंड्या ने बताया कि आपत्ति दर्ज कराने वाले परीक्षार्थी को आपत्ति वाले प्रश्न या उत्तर हेतु स्वयं को प्रामाणिक पुस्तक या स्त्रोत का पूरा सन्दर्भ प्रमाण रूप में प्रस्तुत करना होगा।साथ ही प्रमाण रूप में जिस पुस्तक या स्त्रोत का उल्लेख किया जा रहा है उसका पूरा विवरण यथाःपुस्तक का नाम, लेखक, प्रकाशक पूरा विवरण, प्रकाशन वर्ष, पेज नम्बर सहित उल्लेख करना होगा।किसी भी स्थिति में सेकेंडरी स्त्रोत अर्थात पासबुक, गाइड,अप्रामाणिक नोट्स स्वीकार नहीं किए जाएँगे। पीटीईटी नोडल अधिकारी डॉ नरेंद्र पानेरी ने बताया कि इस ऑब्जेक्शन प्रोसेस प्रत्येक ऑब्जेक्शन पर परीक्षार्थी को निर्धारित तिथि में निर्धारित शुल्क एक सौ रूपये प्रति ऑब्जेक्शन ऑनलाइन जमा कराना अनिवार्य होगा।

किसी भी प्रकार की परिवेदना को निर्धारित मेल स्वीकार नहीं किया जाएगा।परीक्षा में पूछे गए त्रुटिपूर्ण प्रश्न या उत्तर हेतु ही यह प्रक्रिया शुरू होगी।विश्वविद्यालय की और पीटीईटी की साईट को नियमित देखते रहने का निर्देश दिया गया है।

# महिला पंचायत की सफलता के लिए गांवों में जनसंपर्क किया

**करौली** (निसं)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति की ओर से 25 मई को सुबह 11 बजे नांगल शेरपुर के खेल मैदान में होने वाली महिला पंचायत की सफलता के लिए समिति से जुडे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया है। खासतौर पर समिति से जुडी महिलाएं गांवों में घर-घर जाकर महिला पंचायत के बारे में जानकारी दे रही हैं।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजन किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने सोमवार को जहांनगर मोरडा स्थित कृषक शक्ति केन्द्र कार्यालय पर समिति से जुडे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर महिला पंचायत के बारे में विस्तार से बताया। प्रदेशाध्यक्ष मीना ने कहा कि पेयजल की समस्या से सर्वाधिक महिलाओं को ही सामना करना पडता है। इस कारण ईआरसीपी के बारे में महिलाओं को पूरी जानकारी होना जरूरी है। महिला पंचायत में हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल होंगी, जिन्हें किसान विकास समिति से जुडी पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की प्रमुख महिलाओं द्वारा ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी और राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए एकजुट होने का संदेश दिया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे गांव-गांव जाकर महिलाओं को 25 मई को नांगल शेरपुर के खेल मैदान में होने वाली महिला पंचायत में शामिल होने का संदेश दें। उन्होंने कहा है कि महिला शक्ति के एकजुट होने पर ईआसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित होने से कोई ताकत नहीं रोक पाएगी। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के निर्देशानुसार सोमवार को समिति के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष संगीता गुर्जर, दौसा की जिलाध्यक्ष मौसमी मीना, टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू कुमारी सहित युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हरिमोहन आजाद, देवेन्द्र खटाना, मेघराम गुर्जर, करौली के युवा जिलाध्यक्ष हिम्मत सिंह ताजपुर, त्रिलोक झाडीसा संदीप मीना आदि ने टोडाभीम और नादौती क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क कर महिला पंचायत के लिए महिलाओं को आमंत्रित किया है।



क्षेत्र के लोगों से जनसम्पर्क करत पदाधिकारी।

# महिला चिकित्सक ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। शहर के बोरखेड़ा थाना इलाके में एक आयुष चिकित्सक के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। चिकित्सक बीते लंबे समय से एकाकी जीवन व्यतीत कर रही थी। वह अपने परिवार से अलग रहती थी। साथ ही उनकी ड्यूटी भी बूंदी जिले में थी। ऐसे में नौकरी करके आने के बाद वह अपने घर उज्जवल विहार में ही निवास कर रही थी। घटना की जानकारी जब पड़ोसियों को मिली, तो उन्होंने तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया।यहां पर सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। आत्महत्या के क्या कारण रहे इस संबंध में अभी खुलासा नहीं हो पाया है। बोरखेड़ा थाने के एएसआई उदय सिंह ने बताया कि मृतका डॉ. डॉली सुमन आयुष चिकित्सक थीं और बूंदी जिले के बरूंधन में तैनात थीं। वह बारां रोड़ स्थित उज्जवल विहार में लंबे समय से निवास कर रही थीं।डॉली सुमन की 2018 में शादी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अरुण से हुई थी लेकिन सॉफ्टवेयर इंजीनियर अरुण ने डॉली को नौकरी छोड़कर अपने साथ रहने को कहा था।

# डकैती की नीयत से घर में घुसे बदमाशों को ग्रामीणों ने पीटा, एक की मौत

**दौसा,** (निसं)। जिले के पापड़दा थाना इलाके के आलूदा गांव स्थित ककरोडा वाली ढाणी में डकैती की नीयत से घुसे करीब आधा दर्जन बदमाश जाग हो जाने के कारण वारदात को अंजाम नहीं दे पाए।

ग्रामीणों ने बदमाशों में से दो बदमाशों को पकड़कर उनकी जमकर धुनाई कर दी। उसमें से एक बदमाश काटोली ग्राम डीग भरतपुर निवासी

- आलूदा गांव स्थित ककरोड़ा वाली ढाणी की घटना

शिवलाल गडरिया की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई एवं एक बदमाश दशरथ गुर्जर सुन्दरावली थाना क्षेत्र नगर भरतपुर को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर किया। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में गोली लगने से एक युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं वारदात के बाद जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल कायल एवं पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गोयल ने घटनास्थल का जायजा लिया। दूसरी ओर कृषि राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर बदमाशों की गोली से घायल हुए युवक से मामले की जानकारी ली। बीती रात करीब मध्य रात्रि करीब आधा दर्जन डकैत जिस समय डकैती की वारदात को अंजाम देने के लिए घर में घुसे थे। मकान मालिक को पता चलने के बाद वहां से भाग खड़े हुए। बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें इन बदमाशों का पीछा कर रहे एक ग्रामीण दिनेश मीणा के पैर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।



पापड़दा थाना क्षेत्र में बदमाशों की फायरिंग में घायल हुए युवक से कुशलक्षेम पूछते कृषि राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा।

# रेप के आरोपी को जेल भेजा

**पाली,** (नि.सं.)। पाली के ट्रांसपोर्ट थाना क्षेत्र में 15 साल की एक नाबालिग को प्यार के जाल में फंसा कर युवक अपने साथ भगाकर ले गया। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपी और नाबालिग को को दस्तयाब किया। नाबालिग को उसकी इच्छा पर जोधपुर नारी केन्द्र भेजा गया वही आरोपी को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जेल भेजा है। ट्रांसपोर्ट नगर थाने के विक्रमसिंह सांदू ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी एक 15 साल की लड़की को नया गांव निवासी 20 साल के नारायण पुत्र कसाराम बावरी ने पहले दोस्ती के जाल में फंसाया फिर शादी का सपना दिखाते हुए भगाकर ले गया। घर से नाबालिग के गायब होने पर परिजनों ने उसे ढूंढा लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो थाने में रिपोर्ट दी।

# बिजली सरचार्ज व फ्यूज चार्ज हटाने की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

## आए दिन फ्यूल सरचार्ज बढाकर आम जनता की जेब ढीली करने का काम कर रही कांग्रेसः भदेल

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने सोमवार को हजारी बाग स्थित टाटा पावर ऑफिस पर सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बिजली फ्यूल सरचार्ज को लेकर ज्ञापन सौंपा। एक ओर राज्य सरकार महंगाई राहत कैम्प लगाकर लोगों को 100 यूनिट फ्री बिजली देने के सब्जबाग दिखा रही है तो वहीं दूसरी ओर बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी कर विद्युत बिजलों में सरचार्ज व फ्यूज चार्ज लगाकर आमजनता की जेबों पर डांका डाल रही है। हजारी बाग स्थित टाटा पावर ऑफिस पर सोमवर अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और टाटा पावर के अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रोष जताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन व भ्रष्टाचार पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में सबसे महंगी बिजली राजस्थान में हैं। राज्य सरकार की अविवेक पूर्ण नीति का खामियाजा बिजली प्रदेश की जनता को उठाना पड़ रहा है। बिजली कंपनियों ने राज्य सरकार के निर्देश पर पूर्व में 24 पैसे प्रति यूनिट बिजली सरचार्ज व गत सप्ताह 45 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल चार्ज जोडक़र गरीब जनता की जेब पर डांका डाला है। राज्य सरकार द्वारा एक बार नहीं 11 बार बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी कर गरीब जनता की कमर तोड़ दी। एक और सरकार मुफ्त बिजली का वादा करती है तो दूसरे हाथ से गरीब की जेब में सेंध लगा रही है।

# वृद्ध की पत्थरों से मार कर हत्या

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले के रोहट थाना क्षेत्र के खारड़ा बांध गांव में रविवार शाम को हुई। खारड़ा बांध निवासी 64 साल के गणपत सिंह पुत्र नारायण सिंह रावणा राजपूत गांव के चौराहे पर एक चाय की थड़ी पर चाय पी रहे थे। इस दौरान गांव के ही रमेश सहित उसके परिवार के कुछ लोग पहुंचते है और अचानक वृद्ध गणपत सिंह पर पत्थरों से हमला कर देते है। ठाामीण उन्हें बचाने का प्रयास करते हैं लेकिन तब तक आरोपियों ने पत्थर के कई वार कर वृद्ध को गंभीर घायल कर दिया। जिन्हें तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया जाता है। लेकिन तब तक उनकी मौत हो जाती है। पुलिस ने मृतक की बॉडी पाली के बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई है।

# नौतपा के शुरूआती दो दिन में बारिश व तापमान में गिरावट की उम्मीद

## बीकानेर में आज गिर सकता है तापमान

**बीकानेर,** (कासं)। पिछले दो दिन से बढ़ा तापमान कुछ कम होने की उम्मीद की जा रही है। बीकानेर में बादलवाही के बीच बारिश तो नहीं है लेकिन सूर्य की तल्खी कुछ कम होने के आसार है। रविवार को जहां पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था, वहीं सोमवार को एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी आने की उम्मीद की जा रही है। दोपहर एक बजे तक सूर्य की तल्खी रविवार की तुलना में कुछ कम थी।

बीकानेर में रविवार की रात इस सीजन की सबसे ज्यादा गर्मी रही। पारा तीस डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार गया। अब तक ये तीस से कम ही था। रात में तेज गर्मी के चलते लोगों को एसी का सहारा लेना पड़ा। जिनके पास एसी नहीं हैं,उन्होंने खुले में सोने को ही उचित माना। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिन तक तापमान में कमी आ सकती है। यहां तक कि नोतपा के शुरूआती दो दिन में बारिश व तापमान में गिरावट की उम्मीद जताई गई है। नोतपा 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक चलेगा और मौसम विभाग ने 25 व 26 मई का बीकानेर संभाग में बारिश की उम्मीद जताई है। अगर नोतपा में बारिश होती है तो आगे मानसून अच्छा नहीं होने के संकेत माने जाते हैं। इसी दौरान बीकानेर में धूल भरी आंधियां आने और तेज हवाएं चलने की भी उम्मीद जताई गई है।

- रात का पारा तीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा

इस गर्मी का नोतपा तो 25 मई से शुरू होगा लेकिन इससे पहले ही बीकानेर में पारा चढ़ ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग की मानें तो नोतपा के पहले दो दिन तापमान में गिरावट हो सकती है। इसके विपरीत रविवार को बीकानेर में तापमान ने इस सीजन के रिकार्ड तोड़ दिए। अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम भी 30 डिग्री के आसपास है। न सिर्फ बीकानेर बल्कि संभाग के श्रीगंगानगर व चूरू में भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर में दिन का तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं चूरू में पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस तक रहा। श्रीगंगानगर में 44.8 तक तापामान का ग्राफ पहुंच गया है।

कमोबेश ऐसे ही हालात हनुमानगढ़ में भी हो रहे हैं। आने वाले दो दिन गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद की जा रही है, इसके बाद नोतपा शुरू हो जाएगा। 23 मई से आंधी बारिश की गतिविधियों में बढ़ ोतरी होगी। बीकानेर, संभाग के कुछ भागों में मध्यम से तीव्रर्जन, आंधी तेज हवाएं तथा हल्की बारिश की संभावना है। वहीं 25-28 मई को भी आंधी बारिश की गतिविधियां राज्य में जारी रहने तथा तापमान में दो से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

# विधानसभा चुनाव नजदीक देख गहलोत ने की अब महाराणा प्रताप बोर्ड बनाने की घोषणा: देवनानी

## कांग्रेस सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति के चलते राजस्थान बोर्ड की पुस्तकों वर्षों तक अकबर महान पढ़ाया, भाजपा सरकार ने आकर प्रताप महान पढ़ाना शुरू किया

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विधानसभा चुनाव नजदीक आता देख कर जनता को गुमराह करने के लिए घोषणाएं कर रहे हैं।

यह बात खुद गहलोत सहित सभी को अच्छी तरह मालूम है कि इनमें से अनेक घोषणाएं तो धरातल पर उतर ही नहीं पाएंगी, क्योंकि किसी भी घोषणा पर अमल की प्रक्रिया होती है। गहलोत को केवल घोषणाओं का फोबिया लगा हुआ है। देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तुष्टिकरण के चलते वर्षो तक गलत इतिहास पढ़ाया अकबर महान पढ़ाया, भाजपा सरकार ने आकर अकबर महान की जगह महाराणा प्रताप महान पढ़ाना शुरू किया ,हमने महाराणा प्रताप के गौरव को सम्मान दिया।

- केवल जनता को गुमराह करने के लिए घोषणाएं कर रहे हैं गहलोत
- कांग्रेस सरकार ने साढ़े चार साल में पहले क्यों नहीं की घोषणा
- बिना फ्रेमवर्क के घोषणा करने से अमल पर नजर आता है संशय

देवनानी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को पिछले साढ़े चार साल से चल रही है। गहलोत कई बोर्ड और निगम बनाने की घोषणाएं कर चुके हैं, लेकिन उन्हें महाराणा प्रताप अभी तक याद नहीं आए थे। अब चूंकि इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए अब वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड बनाने की घोषणा की है। इस घोषणा का मकसद साफ है। जनता यह बात अच्छी तरह जानती है। गहलोत चाहे कितनी ही घोषणा कर लें, जनता किसी तरह के छलावे में नहीं आएगी।

देवनानी ने कहा कि इससे पहले भी अनेक ऐसी घोषणाएं कर चुके हैं, जिनको अमल में लाने का अभी तक कोई अता-पता नहीं है। गहलोत विधानसभा चुनाव नजदीक आते देखकर केवल शगूफे छोड़ने के साथ जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही गहलोत ने महाराणा प्रताप बोर्ड बनाने की घोषणा की है और कर भी सकते हैं, लेकिन अजमेर में राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ फोकट ही घोषणा कर झूठी वाहवाही लूटने का स्वांग कर रहे थे।

उन्होंने कहा, राठौड़ ने ऐसे घोषणा की, जैसे वे खुद मुख्यमंत्री या मंत्री हों। जबकि राठौड़ का अपने भाषण में मुख्यमंत्री की घोषणा का हवाला देना चाहिए था, जो उन्होंने नहीं दिया था। राठौड़ का भाषण पूरी तरह जनता को गुमराह करने वाला था।

देवनानी ने कहा, गहलोत ने भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड बनाने की घोषणा कर केवल जनता को गुमराह करने का काम किया है। जब भी कोई बोर्ड या निगम बनाया जाता है, तो उसकी घोषणा करने से पहले ही उसका सारा फ्रेमवर्क तैयार कर लिया जाता है। मसलन, बोर्ड या निगम के क्या उद्देश्य होंगे, क्या काम करेगा, कितना बजट होगा। कार्य प्रक्रिया क्या होगी।

स्मारक कितने बनाए जाएंगे आदि-आदि। प्रारूप यानी फ्रेमवर्क तैयार होता है, तो घोषणा पर अमल भी जल्द होता है। लेकिन मुख्यमंत्री ने बिना फ्रेमवर्क के घोषणा की है, जिससे इसके अमल पर संशय नजर आता है।

देवनानी ने कहा कि वैसे महाराणा प्रताप बोर्ड बनाने की घोषणा अच्छी है, लेकिन हमें यह भी देखना होगा कि इस बोर्ड का भी कहीं वही हश्र ना हो जाए, जो अन्य बोर्डों और निगमों का हो रहा है। कहीं अन्य बोर्डो की तरह महाराणा प्रताप बोर्ड भी केवल कागजों तक सिमट कर नहीं रह जाए।

# हैड कांस्टेबल ने आत्महत्या की

**अजमेर,** (कासं)। पुलिस लाइन में तैनात एक हेड कांस्टेबल ने रविवार को पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी लीला समाप्त कर ली। कमरे में झूलता शव देख परिजन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखवाया है।

परिजनों की ओर से डिप्रेशन में होने की बात सामने आई है। अलवर गेट थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से सवाई माधोपुर निवासी रामसिंह मीणा (46) पुलिस लाइन में कांस्टेबल के पद पर तैनात था। जेपी नगर सेक्टर तीन में परिवार के साथ किराए पर परिवार के साथ रहता था। रविवार की रात परिजनों ने कमरे में रामसिंह को पंखे पर लटका देखा उसे जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घरवालों ने बताया कि शराब छोड़ने के बाद से रामसिंह डिप्रेशन में था। एसपी चूनाराम ने कहा कि घटनास्थल से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है, पुलिस सुसाइड के कारणों का पता लगाने में जुटी है। कार्यवाहक आरआई सत्यनारायण ने बताया कि रामसिंह मीणा लंबे समय से पुलिस लाइन में तैनात थाशनिवार से रामगंज क्षेत्र में शुरू हुए पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उसकी ड्यूटी लगाई थी। पुलिस लाइन अधिकारियों के मुताबिक ड्यूटी पर मौजूद रहने के समय भी रामसिंह ने किसी तरह की परेशानी होने की बात नहीं कही थी।


कार्यालय समन्वयक PTET - 2023

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय

बाँसवाड़ा-327001 (राज.) मो. +91-7357477123

क्रमांक : 1108 **आवश्यक सूचना** दिनांक : 22.05.2023

दिनांक 21 मई 2023 को आयोजित दो वर्षीय बीएड एवं चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड / बीएससी बीएड प्रवेश परीक्षा की आंसर-की विश्वविद्यालय की आधिकारिक साइट www.ggtu.ac.in और पीटीईटी-2023 की साइट www.ptetggtu.com पर अपलोड कर दी गई है।किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी जारी उत्तर तालिका से आपत्ति हो तो वह विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 24 मई 2023 से 26 मई 2023 तक ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित शुल्क अदा कर आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।इस हेतु परीक्षार्थी को अपने द्वारा प्रस्तुत उत्तर के प्रमाण में प्रामाणिक सामग्री को अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी आपत्ति को विश्वविद्यालय की मेल आइडी या व्यक्तिशः स्वीकार नहीं किया जाएगा। समन्वयक

पी.टी.ई.टी.-2023 एवं 04 वर्षीय बी.ए./ बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023